Rajasthan Technical University, Kota

Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010

Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examconduct@rtu.ac.in

No. F-(23)/EXAM-CONDUCT/(2020-21)/2022-23/5.216/2342-49 Dated: 19/06/2023

अति–आवश्यक सूचना

(अतिरिक्त सानुग्रह/मर्सी अवसर विशेष (Special Exam) परीक्षा 2020–21 के सम्बन्ध में)

विश्वविद्यालय द्वारा जारी आदेश कमांक F-(23)/RTU-EXAM CONDUCT/2022-23/5.213/1494-1501 दिनांक 24.05.2023 की निरन्तरता में अतिरिक्त सानुग्रह अवसर विशेष परीक्षा 2020–21 के लिए पंजीकृत समस्त परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि ये परीक्षाएं ऑफलाईन (पेपर–पेन) पद्धति पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर **27 जून 2023 से आयोजित होने जा रही** है, जिसकी परीक्षा समय–सारणी एवं परीक्षा केन्द्रों की सूचना विश्वविद्यालय वेसाईट www.rtu.ac.in पर प्रकाशित कर दी गयी हैं।

उल्लेखनीय है कि यह सानुग्रह अवसर विश्वविद्यालय की ओर से दिया गया अन्तिम अवसर है, इसके पश्चात इन पाठयक्रमों/सत्रों के छात्रों को कोई सानुग्रह अवसर नही दिया जावेगा। इसलिए उक्त परीक्षा के लिए पंजीकृत समस्त परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे परीक्षा समय–सारणी के अनुसार सम्बन्धित परीक्षा की तैयारी कर परीक्षा में आवश्यक रूप से सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।

साथ ही लेख है कि राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध B. Tech, B. Arch, BHMCT, BBA, MCA, MBA, M. Tech व M. Arch. पाठ्यक्रमों के वे महाविद्यालय जो गत वर्षो में पूर्ण रूप से बन्द हो चुके हैं एवं उनमें वर्तमान में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कोई पाठ्यक्रम संचालित नहीं हैं, ऐसे महाविद्यालयों में नामांकित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता हैं कि वे अपनी सम्बन्धित सानुग्रह/मर्सी अवसर विशेष परीक्षा (विषम एवं सम सेमेस्टरों तथा वार्षिक पद्वति परीक्षा 2020–21) की **प्रायोगिक/मिडटर्म/सत्रांक सुधार (यदि कोई हो)** की परीक्षा के लिए निम्नांकित नोडल केन्द्र पर निर्धारित शुल्क जमा करवाकर इनकी परीक्षा (सैद्धांतिक परीक्षा होने के बाद नोडल केन्द्र पर सम्पर्क कर उनके द्वारा दी गयी तिथि को) देना सुनिश्चित करें–

महाविद्यालय/नोडल केन्द्र का नाम	पाठयक्रम/परीक्षा
कम्प्युकॉम इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फॉरमेशन टैक्नोलॉजी एण्ड मेनेजमेन्ट, एस.पी.–05, 5ए, रीको औद्योगिक क्षेत्र, सीतापुरा, जयपुर	समस्त पाठ्यकम

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि वे इस परीक्षा के योग्य समस्त पंजीकृत परीक्षार्थियों को उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये सूचित करें। यदि इस परीक्षा के योग्य कोई पंजीकृत छात्र अतिरिक्त सानुग्रह विशेष परीक्षा 2020–21 देने से वंचित रह जाता है तो उसके लिये स्वयं परीक्षार्थी/सम्बन्धित महाविद्यालय पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगा।

अधिक जानकारी के लिए परीक्षार्थी अपने महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.rtu.ac.in के सतत सम्पर्क मे रहें।

(प्रो. धीरेन्द्र माथुर)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय
2. डीन, फेकल्टी अफेयर्स, आरटीयू
3. निदेशक/प्राचार्य, कम्प्युकॉम इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फॉरमेशन टैक्नोलॉजी एण्ड मेनेजमेन्ट एस.पी.–05, 5ए, रीको औद्योगिक क्षेत्र, सीतापुरा, जयपुर **(नोडल केन्द्र)**:– लेख है कि उक्तानुसार कार्यवाही करें।
4. निदेशक/प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय:– लेख है कि समस्त योग्य/पंजीकृत छात्रों को उक्तानुसार सूचित करें।
5. उप कुलसचिव (परीक्षा)
6. वेब मास्टर, आरटीयू
7. समस्त सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
8. डाटा प्रोसेसिंग एजेन्सी, आरटीयू

(सत्यपाल यादव)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर